an>

Title: Need to build a Road Over Bridge on level crossing no. C-61 in Nagaur, Rajasthan.

श्री सी.आर.चौधरी (नागौर) : मैं मेरे लोक सभा क्षेत्र के मुख्यालय नागौर की प्रमुख समस्या से भारत सरकार को अवगत कराना चाहता हूं। नागौर शहर की जनसंख्या लगभग 1 लाख 40 हजार है एवं जिला मुख्यालय है। इस शहर में से एनएच 89 व 65 गुजरता है। शहर का रेलवे फाटक सी-61 अधिकतर समय बंद रहने के कारण दुर्घटना में आपातकालीन मरीज को जिला मुख्यालय चिकित्सालय जाने में कठिनाई का सामना करना पड़ता है। साथ ही कृषि उपज मण्डी जाने के लिए भी काश्तकारों को इसी क्रासिंग से जाना होता है। इस रेल मार्ग पर प्रतिदिन लगभग 40 गाड़ियों का आवागमन रहने के कारण रेलवे फाटक हमेशा बंद मिलता है। इस कारण से मरीजों, स्थानीय लोगों, मण्डी माल ले जाने वाले काश्तकारों को एवं राष्ट्रीय राजमार्गों से अजमेर, जोधपुर, बीकानेर एवं जयपुर की ओर जाने वाले यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। उन्हें काफी देर तक रेलवे फाटक के दोनों ओर कतारों में व्यर्थ में खड़ा रहना पड़ता है। मानव का समय बहुत ही महत्वपूर्ण है। अतः मेरा माननीय रेल मंत्री जी एवं सड़क परिवहन मंत्री जी से अनुरोध है कि उक्त रेलवे क्रासिंग पर ओवर ब्रिज बनाने की कृपा करें।